आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चारधाम यात्रा के मद्देनजर प्रदेश में एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती खपत को देखते हुए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, केंद्र सरकार से अतिरिक्त आपूर्ति की मांग करेगा।
- रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति के लिए चमोली जिला प्रशासन सख्त। अब तक 170 से अधिक स्थानों पर छापेमारी।
- बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा ने बदरीनाथ धाम का निरीक्षण किया। यात्रा की तैयारियों की गहन समीक्षा की।
- नागरिक सुरक्षा को लेकर दून पुलिस का सघन अभियान। सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ाई निगरानी। हरिद्वार में ऑपरेशन प्रहार के तहत 30 ढोंगी बाबा गिरफ्तार।

चारधाम/एलपीजी

चारधाम यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड में एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती खपत को देखते हुए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड– आईओसीएल, केंद्र सरकार से अतिरिक्त आपूर्ति की मांग करेगा। राज्य में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल सामान्य बनी हुई है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के राज्य स्तरीय समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता ने पीआईबी देहरादून में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों के बीच आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने बताया कि राज्य में एलपीजी की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है और जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है।

आईओसीएल ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराकर खरीदारी न करें, डिजिटल माध्यम से एलपीजी बुकिंग करें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

रसोई गैस/चमोली

चमोली जिला प्रशासन रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति के लिए नियमित निगरानी कर रहा है। जिला पूर्ति विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें जिले के बाजारों में औचक निरीक्षण कर रही हैं। अब तक 170 से अधिक स्थानो पर छापेमारी की जा चुकी है, जिसके कारण जिले में कुकिंग गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। जिला पूर्ति अधिकारी अंकित पांडे ने बताया कि जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरो की आपूर्ति सुचार रूप से जारी है और कहीं भी गैस संकट नहीं है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम, गोपेश्वर गैस एजेंसी के प्रबंधक संजय रावत ने बताया कि जिला मुख्यालय गोपेश्वर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से गैस वितरित की जा रही हैं।

पर्यटन मंत्री

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को फिजूलखर्ची पर रोक लगाते हुए मितव्ययिता अपनाने के निर्देश दिए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि मध्यपूर्व में चल रहे युद्ध का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से पड़ रहा है। कीमतों में उतार–चढ़ाव, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता है। पर्यटन मंत्री ने अपने अधीनस्थ विभागों को निर्देशित किया कि जहां भी अनावश्यक खर्च हो रहा है, उसे तत्काल रोका जाए और केवल आवश्यक कार्यों पर ही व्यय को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सादगी और समझदारी से कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत, पारिवारिक और संस्थागत स्तर पर मितव्ययिता अपनाकर आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया जा सकता है।

बदरीनाथ धाम

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसके लिए यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा ने धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना 20 अप्रैल तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने परिसर में चल रहे साफ–सफाई और रंग–रोगन कार्यों का भी अवलोकन किया तथा मौके पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य कार्याधिकारी ने धाम परिसर में लगे सभी सी.सी.टी.वी कैमरों को दुरुस्त कर कपाट खुलने से पहले उनका ट्रायल सुनिश्चित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कतारों में जगह–जगह स्क्रीन लगाने के निर्देश भी दिए।

पुलिस चेकिंग अभियान

आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दून पुलिस ने आज तड़के से जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल के निर्देशों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों और पार्कों के आसपास निगरानी बढ़ाते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस टीमों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्गों, महिलाओं, स्कूली बच्चों के अभिभावकों व कामकाजी महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। टीमों ने पार्कों और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक पूछताछ भी की।

उधर, हरिद्वार में ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कोतवाली नगर पुलिस ने साधु–संतों के भेष में लोगों को ठगने वाले 30 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये लोग धार्मिक भावनाओं का फायदा उठाकर खासतौर पर महिलाओं और युवाओं को झांसे में लेते थे और उनकी समस्याओं के समाधान के नाम पर ठगी करते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में सभी थाना क्षेत्रों में ऐसे फर्जी बाबाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

महापौर निरीक्षण

देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल ने आज वार्ड 56 का औचक निरीक्षण कर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता की स्थिति का अवलोकन किया गया और मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों से संवाद कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। महापौर ने स्वच्छता निरीक्षक और पर्यवेक्षक को क्षेत्र में नियमित व प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों को सफाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी रखने और आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को कहा गया। महापौर ने कहा कि देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने के लक्ष्य के तहत नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।